# आधुनिक राजनीति विज्ञान

Page No.
Date

* राजनीति विज्ञान संगठित मानव समुदाय से सम्बन्धित है।
* आधुनिक राजनीति विज्ञान की निम्नलिखित विशेषताएँ हैं।

(a) राजनीति विज्ञान का अध्ययन अन्तर्शास्त्रीय हो गया है।

(b) आधुनिक राजनीति विज्ञान मानव के राजनीतिक व्यवहारों का अध्ययन करता है → राजनीतिक दल, दबाव गुट, जनमत के साधन, निर्वाचन प्रक्रिया, प्रशासनिक क्रियाकलाप आदि में विविध परिस्थितियों तथा सन्दर्भों में व्यक्तियों तथा व्यक्ति समूहों का वास्तविक व्यवहार का अध्ययन राजनीतिक वास्तविकताओं को स्पष्ट करने में पर्याप्त प्रभावी रहता है।

(c) आधुनिक राजनीति विज्ञान को शक्ति, प्रभाव, नियंत्रण, मूल्यों तथा निर्णय आदि का अध्ययन माना जाता है।

(d) आधुनिक राजनीति विज्ञान के अन्तर्गत राजनीतिक संस्थाओं के अध्ययन की अपेक्षा राजनीतिक प्रणालियों का अध्ययन शामिल होता है। यह नया दृष्टिकोण व्यवस्था उपागम पर बल देता है।

* आधुनिक विचारक जी० ई० कैटलिन, एच० डी० लासवेल, डेविड ईस्टन, कैप्लान आदि राजनीति विज्ञान को शक्ति का विज्ञान मानते हैं।
* लासवेल और कैप्लान के अनुसार -

" राजनीति विज्ञान अध्ययन का वह क्षेत्र है जो ... कि

Scanned By Scanner Go

आनुभविक खोज के रूप में शक्ति के निर्धारण और सहभागिता का अध्ययन करता है।

* कैटलिन के मतानुसार, "राजनीतिविज्ञान में शक्ति और नियंत्रण का वही स्थान है जो अर्थशास्त्र में मांग पूर्ति और प्रतिस्पर्धा मूल्य का होता है।

* 'व्यक्ति' वास्तव में समस्त सामाजिक शास्त्रों का केन्द्र बिन्दु है परन्तु व्यक्ति के राजनीतिक पहलू का मुख्य लक्ष्य शक्ति की प्राप्ति है। अतः आधुनिक विचारक राजनीतिविज्ञान का केन्द्र बिन्दु 'शक्ति' को मानते हैं।

* लासवेल लिखते हैं " राजनीति का विषय क्षेत्र प्रक्रिया के रूप में शक्ति का अध्ययन करता है।"

* रॉबर्ट डहल ने लिखा है कि - " राजनीति शास्त्र राजनीतिक व्यवस्था का अध्ययन करता है और राजनीतिक व्यवस्था से आशय मानवीय सम्बन्धों के उस अविरल प्रबन्ध से है जिसमें उल्लेखनीय सीमा तक शक्ति, शासन अथवा सत्ता सम्मिलित है।

Political Science (Hons)
B.A. Part - (I)
Paper - I

Rama Kant Pandey
S.R.A.P. College
Bara Chakiya
B.R.A.B.U (Muzaffarpu

Scanned By Scanner Go